>

Title: Need to undertake gauge conversion work of railway line from Mavli Junction to Marwar Junction in Rajasthan under North Western Railway Zone.

**श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) :** उत्तर-पश्चिमी रेलवे के मावली जंक्शन से मारवाड़ जंक्शन के बीच वर्तमान समय में मीटर गेज लेन अस्तित्व में है। अब जबकि भारत सरकार की नीति बन चुकी है कि यूनिगेज बनने की नीति के अंतर्गत पूरे भारत में मीटर गेज को ब्राडगेज में परिवर्तित किया जाएगा। इसके बावजूद मावली से मारवाड़ जंक्शन के खंड को मात्र मावली से नाथद्वारा तक जोड़ दिया गया है। लेकिन नाथद्वारा से मारवाड़ जंक्शन तक आमान परिवर्तन नहीं किया गया है। राजस्थान का यह रेलखंड दक्षिण भारत को सुरक्षा की दृष्टि से सीमांत क्षेत्र बीकानेर, बाड़मेर और जोधपुर क्षेत्रों को जोड़ता है, वहीं सांस्कृति एवं धार्मिक दृष्टि से यह खंड जुड़ने से आम जनता को सुविधा मिलेगी तथा स्वयं रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी। यह विदित रहे कि भारत का महत्वपूर्ण मंदिर श्री नाथ जी का नाथद्वारा कांकरोली द्वारकाधीश मंदिर तथा चार भुजा मंदिर तथा आगे जाकर राम देव जी का राम देवरा भी इसी सर्किट में आता है।

अस्तु मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि उक्त रेल खंड में आमान परिवर्तन के कार्य को तत्काल पूरा करने हेतु संबंधित रेल अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें।